Ans. (d) : रूपनगढ़ नदी अजमेर के सलेमाबाद से निकलती है तथा सांभर झील में मिल जाती है। मेढ़ा का उद्गम जयपुर जिले के मनोहरपुर से होता है। यह भी सांभर झील में मिल जाती है। खंडेला नदी का उद्गम जयपुर जिले से होता है और यह भी सांभर झील में मिल जाती है। जबकि मित्री नदी राजस्थान की एक छोटी नदी है जो जालौर जिले से निकलकर लूनी नदी में मिल जाती है अतः यह आंतरिक अपवाह से संबद्ध न होकर अरब सागर में जल प्रवाहित करती है।

737. निम्नांकित में से कौन सा जोड़ा सही सुमेलित नहीं है?

	नदी	सहायक नदी
(a)	बनास	ढूंढ
(b)	माही	मेनाल
(c)	लूनी	जोजड़ी
(d)	साबरमती	माजम

कनिष्ठ अनुदेशक (वेल्डर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) सही सुमेलन इस प्रकार है-

	नदी		सहायक नदी
(i)	बनास	-	ढूंढ (धुंध)
(ii)	माही	-	सोम
(iii)	लूनी	-	जोजड़ी
(iv)	साबरमती	-	माजम

नोटः मेनाल नदी, चम्बल की सहायक नदी है।

738. राजस्थान राज्य का जल-विभाजक कौन सा है?

(a) अरावली पर्वतमाता (b) लूणी नदी
(c) साम्भर झील (d) मुकुन्दरा पर्वतमाला

Junior Instructor Welder Dt. 26.03.2019
कनिष्ठ अनुदेशक (वेल्डर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (a) राजस्थान में अरावली की श्रेणियों का विस्तार दक्षिण-पश्चिम मानसून की दिशा के समानांतर है तथा इन श्रेणियों की ऊँचाई भी कम है। अतः प्राकृतिक अवरोध के अभाव के कारण हवाएँ बिना वर्षा किए ही आगे निकल जाती हैं। अतः राजस्थान में अरावली पर्वतमाला जल विभाजक का कार्य करती है।

739. राजस्थान की मरुस्थलीय बालू का प्रमुख स्रोत निम्न में से क्या है?

(a) प्राचीन नदियों द्वारा लाई गई मिट्टी
(b) सतपुड़ा पर्वत के कण
(c) चम्बल नदी द्वारा लाई गई मिट्टी
(d) बनास नदी द्वारा लाई गई मिट्टी

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (अस्त्रक्षेप) भर्ती परीक्षा-2019

Ans. (a) राजस्थान की मरुस्थलीय बालू का प्रमुख स्रोत प्राचीन नदियों द्वारा लाई गई मिट्टी है। वेगनर के अनुसार, राजस्थान के उत्तरी पश्चिमी मरुस्थलीय प्रदेश व पूर्वी मैदान टेथिस महासागर के अवशेष हैं, जो कालान्तर में नदियों द्वारा लाई गई तलछट के द्वारा पाट दिये गये थे।

740. निम्न में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है-

	मुख्य नदी	सहायक नदी
(a)	साबरमती	वात्रक
(b)	माही	कमला
(c)	लूनी	अनास
(d)	चम्बल	परवन

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) (डिप्लोमाधारक)-2020

Ans. (c) प्रश्नगत विकल्पों का सही सुमेलन निम्न प्रकार है–

मुख्य नदी		सहायक नदी
साबरमती	–	वात्रक
माही	–	कमला, अनास
लूनी	–	जवाई
चम्बल	–	परवन

स्पष्ट है कि अनास नदी माही की सहायक नदी है।

741. निम्नलिखित युग्मों में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है?

	नदी		उद्गम स्थल
(a)	बनास	-	खमनौर पहाड़ी
(b)	बाणगंगा	-	बैराठ पहाड़ी
(c)	कांतली	-	खंडेला पहाड़ी
(d)	काकनी	-	कुम्भलगढ़ पहाड़ी

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक)-2020

Ans. (d) – सही सुमेलन है।

	नदी		उद्गम स्थल
(I)	बनास	-	खमनौर पहाड़ी
(II)	बाणगंगा	-	बैराठ पहाड़ी
(III)	कांतली	-	खण्डेला की पहाड़ी
(IV)	काननी	-	कोटड़ी पहाड़ी

742. निम्नलिखित शहरों में से कौन सा जवाई नदी के किनारे स्थित है?

(a) पाली (b) जालौर
(c) झालावाड़ (d) चित्तौड़गढ़

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक)-2020

Ans. (b) जवाई नदी के किनारे जालौर शहर स्थित है। जवाई नदी लूनी नदी की एक सहायक नदी है। अरावली शृंखला के पश्चिमी ढाल से कई नदियाँ छोटी-छोटी जल धाराओं के रूप में जैसे-गुहिया, बांड़ी, सुकरी, जवाई, मीठड़ी, सरस्वती, जोजरी और सागी आदि निकालकर लूनी नदी में मिल जाती है।

743. सुमेलित कीजिये -

	नदी का नाम	उद्गम स्थल
(a)	लूनी नदी	(1) गोगुन्दा पहाड़ियाँ
(b)	बेड़च नदी	(2) विंध्याचल पहाड़ियाँ
(c)	सोम नदी	(3) नाग पहाड़ियाँ
(d)	माही नदी	(4) बीछा मेड़ा पहाड़ियाँ

	(a)	(b)	(c)	(d)
(a)	(4)	(3)	(2)	(1)
(b)	(3)	(1)	(4)	(2)
(c)	(1)	(3)	(4)	(2)
(d)	(3)	(2)	(1)	(4)

कृषि पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) सही सुमेलन इस प्रकार है-

नदी का नाम		उद्गम स्थल
लूनी नदी	–	नाग पहाड़ियाँ
बेड़च नदी	–	गोगुंदा पहाड़ियाँ
सोम नदी	–	बीछा मेड़ा पहाड़ियाँ
माही नदी	–	विंध्याचल पहाड़ियाँ